◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

ज्ञान पंचमी पर महावीर भवन मे ं गूंज े धर्म प्रवचनः यशवन्त मुन ि ने कहा- "ज्ञान आत्मा का मौलिक गुण'



सवाई माधोपुर | नगर परिषद क्षेत्र के शहर स्थित महावीर भवन में व्याख्यानी यशवन्त मुनि, सुभाष मुनि, अशोक मुन ि आद ि ठाणा 3 के सानिध्य में ज्ञान पंचमी पर श्रावक श्राविकाओं की ज्ञानाराधना तपाराधना हुई।

इस दौरान आयोजित धर्म सभा में यशवन्त मुन ि ने कहा कि

ज्ञान आत्मा का मौलिक गुण है। पर को पर और स्व को स्व रुप मे ं जानना ज्ञान है। तीर्थंकर भगवान की वाणी मंगल रूप है। इसस े हेय ज्ञेय उपादेय का बोध होता ह ै तथा जीव का कल्याण मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंन े कहा कि कर्म के कारण ही जीव चारों गतियो ं में परिभ्रमण करता है। सच्चा आत्मवादी ही लोकवादी है। सेवाभावी अशोक मुन ि ने कहा कि प्रशस्त ज्ञान को परिज्ञा कहा है। आचार्य हीराचन्द्र महाराज का 64 वां दीक्षा दिवस सामूहिक सामायिक साधना, तप-त्याग पूर्वक रविवार को मनाया जाएगा। जैन रत्न श्राविका मण्डल क्षेत्रीय प्रधान सुनीता नवलखा कोटा द्वारा श्राविका मण्डल सदस्यों का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान आध्यात्मिक संस्कार केन्द्रों के बालक-बालिकाओं ने विशेष प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। धर्म सभा का संचालन शाखा मंत्री मुकेश जैन

— Vipin Singhal

राधा कृष्ण गोशाला मे ं चार दिवसीय गोकथा शुरू, पहले दिन उमड ़ े गौ भक्त

भेरू दरवाज े पर स्थित राधा कृष्ण गोशाला में श्रीमान गोवत्स डॉ. रोहित दास के सान्निध्य मे ं चार दिवसीय गोकथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या मे ं गौ भक्त कथा सुनन े पहुंच े और गो महिमा का आनंद लिया। कथा के दौरान डॉ. रोहित दास ने गो माता की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि इस सृष्ट ि मे ं गाय ही

— Vipin Singhal

पंचायतीराज चुनाव संपन्न : जिलेभर में शांतिपूर्ण मतदान, पर्यवेक्षक व कलेक्टर ने लिया जायजा

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के चतुर्थ चरण के तहत शनिवार को जिले में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखन े को मिली। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक ब्रजेश कुमार चांदोलिया, जिला निर्वाचन अधिकारी का

— Vipin Singhal

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और स्कॉर्पियो जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और परिवहन में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की है। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध बजरी के कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मच गई

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी देवेंद्र कुमार मीणा (20) पुत्र हरिराम मीणा निवासी पीलवा (थाना मलारना डूंगर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।

बाटोदा थाना अधिकारी भोजाराम के नेतृत्व मे ं गठित पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, कांस्टेबल कन्हैयालाल और हरिमोहन शामिल रहे। टीम ने समन्वय के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी परिवहन में लगे वाहनों को पकड़ा और चालक को दबोचा। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया, जहा ँ से उस े जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

— Vipin Singhal

नेहरू जयंती पर संगोष्ठी: वक्ताओं ने पंचशील सिद्धांत को किया याद



महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान सवाई माधोपुर के तत्वाधान मे ं पंडित जवाहर लाल नेहरू कि जयंती पर "वर्तमान हालात और नेहरु के सिद्धांत " विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरु के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार रखे।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला संयोजक व पार्षद विनोद जैन ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को आधुनिक भारत का निर्माता य ू ं ही नही ं कहते हैं। उनके पंचशील सिद्धांत की छाप भारत मे ं ही नहीं, अपितु पूरे विश्व मे झलकती है। नेहरु प्रधानमंत्री के अलावा दूरदृष्ट ि रखने वाले महापुरुष थे। उन्होंने अपनी कूटनीति, विदेश नीति व गुट निरपेक्षता का लोहा पूरी दुनिया को मनवाया है। संगोष्ठी में बृजमोहन सिसोदिया, विजय तालचिड़िया, मनीष जैन, चक्रवर्ती मित्तल, विनोद बैरवा, अब्दुल कलाम, मीठा लाल यादव, राजेश साहू, महावीर सेनी, ललित अग्रवाल, गुरुवचन

वाल्मीकि सहित गांधी मित्र उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन जिला सह संयोजक संतोष कुमार स्वामी ने किया।

— Vipin Singhal

पहली बार वोट डालने वाले युवाओं ने रखीं गांवों के विकास की उम्मीदें



पंचायतीराज चुनाव के दौरान पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले 'जेन जी' (जनरेशन जेड) मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। लोकतंत्र के इस महापर्व में

भागीदारी निभान े के साथ ही इन युवाओं ने गांवों और कस्बो ं के विकास को लेकर अपनी अपेक्षाएं भी खुलकर सामन े रखीं। युवाओं का स्पष्ट मानना है कि अब ग्रामीण विकास केवल सड़क और भवनों के निर्माण तक सीमित नही ं रहना चाहिए, बल्कि गांवों को भी शहरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाना चाहिए। पहली बार वोट डालने वाले इन

युवाओं ने स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, मजबूत चिकित्सा तंत्र, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुगम परिवहन, खेल मैदान और सुरक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देन े की मांग उठाई है। युवा मतदाताओं ने उम्मीद जताई कि जिला परिषद और

पंचायत समिति के लिए चुन े जान े वाले जनप्रतिनिध ि चुनाव

जीतने के बाद भी आमजन के बीच सक्रिय रहेंगे। उनका कहना है कि विकास योजनाएं केवल कागजो ं तक सिमट कर न रहें, बल्कि उनका धरातल पर प्रभावी

— Vipin Singhal

गाय के गले मे ं फंसी रस्सी काट कराया उपचार



मलारना डूंगर | ग्राम पंचायत क्षेत्र के सैनीपुरा बस्ती में गो रक्षा दल के सदस्यों ने गाय के गले मे ं फंसी रस्सी काटकर उपचार करवाया। एक गाय के गले में रस्सी फंसी होने के कारण घाव होने की सूचना मिलने पर गो सेवक श्याम सुंदर सैनी, कृष्णा गुर्जर, रामबाब ू जांगिड़, सोनू सैनी, विष्णु सैनी, मोहित राजपूत, हरकेश सैनी मौके पर पहुंचे। गो सेवकों ने गाय को पकड़ कर पशु चिकित्सा कर्मी को बुलाकर रस्सी

कटवा उपचार करवाया।

— Vipin Singhal

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से



फलोदी के देचू क्षेत्र के खेतसागर निवासी 20 हजार का इनामी अंबाराम 2 किलो अफीम तस्करी के मामले में तीन साल तक पुलिस को देता रहा चकमा, आखिरकार देचू से जोधपुर जाते समय पुलिस ने बस से दबोचा

यह खबर मनोहर सिंह भाटी ने बताया बेदु कला से

— Manohar Singh

स्थानीय

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने करौली में सरपंच एवं वार्ड पंच चुनाव के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया



राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने रविवार को करौली के मामचारी, अतैवा, राजौर एवं कैलादेवी में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला कलक्टर अक्षय गोदारा और पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल भी उनके साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, पर्याप्त प्रकाश, शौचालय, साफ-सफाई, छाया तथा दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए रैंप और पहिया कुर्सी की उपलब्धता की जाँच की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान के दिन किसी भी मतदाता को अनावश्यक असुविधा न हो और विशेष आवश्यकता वाले मतदाताओं के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार रखा जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर ने मतदान केन्द्रों पर की गई प्रशासनिक व्यवस्थाओं, मतदान दलों की रवानगी, सामग्री वितरण और सेक्टर अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर तैनात पुलिस जाब्ते, सुरक्षा घेरे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयार किए गए सुरक्षा प्लान से अवगत कराया।

बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा जिले में संचालित स्वीप (SVEEP) गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इन मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के सकारात्मक परिणामस्वरूप जिले के मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

— Buddhi Prakash Mali

आधी रात को किसान की कड़बी में लगी भीषण आग, तीन घंटे में पाया काबू; एक लाख का नुकसान



आधी रात को किसान की कड़बी में लगी भीषण आग, तीन घंटे में पाया काबू; एक लाख का नुकसान

आग की लपटें उठती देख गांव में मचा हड़कंप, जेसीबी और पानी के टैंकर से भी नहीं बुझी आग, दमकल ने संभाला मोर्चा

— Rohitash Kumar, अलवर

रामगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज, सुबह 10 बजे से बूंदाबांदी का दौर जारी



रामगढ़ में फिर बदला मौसम का मिजाज, सुबह 10 बजे से बूंदाबांदी का दौर जारी

काले बादलों ने बढ़ाई ठंड, किसानों की बढ़ी चिंता; सरसों और पहले बोए गेहूं के लिए बारिश फायदेमंद, खुदी हुई प्याज में गलन का खतरा

— Rohitash Kumar, अलवर

राजाखेड़ा में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि व सरपंच राजेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला, ड्राइवर सहित कई लोग घायल राजाखेड़ा धौलपुर



राजाखेड़ा में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि व सरपंच राजेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला, ड्राइवर सहित कई लोग घायल

राजाखेड़ा धौलपुर

राजाखेड़ा। क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एवं सरपंच राजेंद्र सिंह पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजेंद्र सिंह के ड्राइवर सहित कई लोगों के घायल होने की सूचना है।

बताया जा रहा है कि हमलावर मजीत का पुरा एवं दिघी गांव के बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाला, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है और घटना के संबंध में जानकारी जुटाते हुए मामले की जांच में लगी हुई है।

— Jaypal Singh

मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन-03 के भव्य आयोजन को लेकर आज सुरेशिया में आयोजकगण द्वारा पधारकर निमंत्रण दिया गया।



मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन-03 के भव्य आयोजन को लेकर आज सुरेशिया में आयोजकगण द्वारा पधारकर निमंत्रण दिया गया।

इस अवसर पर युवा संघ के प्रधान श्री मनोज गजरा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 18 नवंबर 2026, बुधवार को प्रातः 8:30 बजे ग्राम डेलवा, पदमपुर में मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन-03 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने समस्त सिंधी काछी समाज के सदस्यों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों को इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

उन्होंने सभी समाजबंधुओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें तथा खेल के माध्यम से समाज की एकता, भाईचारे और आपसी प्रेम को मजबूत बनाएं।

समस्त समाजबंधुओं से सादर निवेदन है कि इस आमंत्रण को स्वीकार कर अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करवाएं।

— Yash karyani

सिकराय सिकंदरा चौराहे पर लगा वाहनों का लंबा जाम



जाम में फंसने से वाहन चालक सहित वाहनों में सवार लोग परेशान चौराहे पर जाम की समस्या से वाहन चालक भी कतराने लगे इस रूट से शादी विवाह के सीजन चलते जाम की समस्या हो जाएगी आम चौराहे के सर्विस रोड से हटे अतिक्रमण तो फिर भी मिल सकती है राहत जाम लगते ही सिकंदरा थाने की पुलिस जाप्ते को करनी पड़ती मशक्कत सिकंदरा थाना पुलिस जुटी है वाहनों के लगे लंबे जाम को खुलाने में

— Naresh Kumar Bairwa

स्थानीय

ग्राम पंचायत दवाडा में सरपंच एवं सभी वार्ड निर्विरोध निर्वाचित



ग्राम पंचायत दवाडा में सरपंच का पद निर्विरोध रूप से भरा गया।

इसके अतिरिक्त, वार्ड सात का चुनाव भी बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के सम्पन्न हुआ।

सभी वार्डों के चुनावों में भी कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं मिला, जिससे ग्राम पंचायत दवाडा का पूरा बोर्ड निर्विरोध रूप से स्थापित हुआ।

— Swaroop Singh

पर फंदे से लटके मिले दो शव



एक महिला और एक पुरुष के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई मनीषा मीना और हरी सिंह मीणा के रूप में पहचान हुई प्रथम दुष्ट प्रेम प्रसंग जुड़ा मामला होने की आशंका बताई जा रही है दौसा और करौली जिले की पुलिस पहुंची मौके पर घटनास्थल के क्षेत्राधिकार को लेकर दोनों जिलों की पुलिस में विवाद सिकंदरा पुलिस थाना भी पहुंची घटनास्थल पर पुलिस जांच के बाद मौत का कारणो का होगा खुलासा

— Naresh Kumar Bairwa

रक्षा

तिरंगे में लिपटे SPO के जवान को सरधांजलि, नम आँखों से सम्मान



तिरंगे में लिपटे हुए SPO (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) के जवान को स्थानीय समारोह में सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने भावुक होकर सरधांजलि दी, कई लोगों की आँखों में आँसू थे।

रिपोर्टर अजीत सिंह ने इस भावनात्मक क्षण को दर्ज किया और बताया कि यह सम्मान सैनिक के कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति का प्रतीक है।

इस प्रकार, तिरंगे के रंग में लिपटा यह दृश्य राष्ट्रीय एकता और सम्मान की भावना को उजागर करता है।

— Ajit singh

नाचना में पंचायत चुनाव की हलचल: 15 में से 10 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन, चुनावी मुकाबला हुआ सीमित



नाचना में पंचायत चुनाव की हलचल: 15 में से 10 वार्डों में निर्विरोध निर्वाचन, चुनावी मुकाबला हुआ सीमित

नाचना (जैसलमेर) | राजेन्द्र कुमार सेन

नाचना ग्राम पंचायत में इस बार पंचायत चुनाव की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। पंचायत के कुल 15 वार्डों में से 10 वार्डों में पंच पद के लिए उम्मीदवारों का निर्विरोध चयन हो गया है। बड़ी संख्या में निर्विरोध निर्वाचन होने से अब पंचायत क्षेत्र में चुनावी मुकाबला बेहद सीमित रह गया है।

ग्रामीणों और स्थानीय प्रतिनिधियों की आपसी सहमति से इन 10 वार्डों में चुनाव की नौबत नहीं आई। अब शेष बचे 5 वार्डों में ही मतदान होगा, जहां उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। निर्विरोध चुने जाने पर सभी नवनिर्वाचित वार्ड पंचों को ग्रामीणों ने बधाई दी है।

इन 10 वार्डों में हुआ निर्विरोध निर्वाचन:

वार्ड 01: द्रपती देवी

वार्ड 02: नूरदीन

वार्ड 03: हनीफ

वार्ड 05: मानाराम

वार्ड 06: लक्ष्मी देवी

वार्ड 07: दीनदयाल

वार्ड 09: मीना देवी

वार्ड 12: संगीता

वार्ड 15: नानमती

— Rajendra Kumar sen

मनोहर सिंह भाटी ने बताया



बाड़मेर पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट के निर्देश पर पुलिस थाना धनाउ टीम ने चोरी के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही।

रात्रि में दुकान व गोदाम में से सामान चुराने की वारदात का खुलासा।

2 आरोपी गिरफ्तार। मनोहर सिंह भाटी ने बताया

— Manohar Singh

नाचना पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च लोगो को भय मुक्त होकर मतदान की अपील



सरपंच चुनाव से पहले नाचना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील

नाचना (जैसलमेर)

संवाददाता: राजेन्द्र कुमार सेन

ग्राम पंचायत सरपंच चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न करवाने के लिए नाचना पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में नाचना थानाधिकारी सुमेरदान के नेतृत्व में पुलिस जाब्ते ने कस्बे के मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला।

फ्लैग मार्च नाचना पुलिस थाने से शुरू होकर मुख्य बाजार, बस स्टैंड और विभिन्न मोहल्लों से होते हुए गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने आमजन से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थानाधिकारी सुमेरदान ने ग्रामीणों और मतदाताओं को संदेश देते हुए कहा कि वे बिना किसी डर, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति भंग करने, अफवाह फैलाने या मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से कस्बे के मतदाताओं में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।

— Rajendra Kumar sen

मनोहर सिंह भाटी ने बताया



भेड. ग्राम पंचायत निंबला बेरा (भेड़) के नवनिर्वाचित सरपंच भादर सिंह जी को सरपंच बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! मनोहर सिंह भाटी बेदू कला

— Manohar Singh

से



कानोड़िया पुरोहितान सरपंच सजनो देवी सैन और उप सरपंच जसवंत सिंह राजपुरोहित ने संभाला पदभार

चामू। पंचायत समिति चामू की ग्राम पंचायत कानोड़िया पुरोहितान में नवनिर्वाचित सरपंच सजनो देवी सैन और उप सरपंच जसवंत सिंह राजपुरोहित ने पदभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार मेघवाल ने दोनों को विधिवत पदभार ग्रहण करवाया। इस दौरान ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच का स्वागत किया।

इस अवसर पर सरपंच सजनो देवी सैन ने कहा कि आगामी पांच वर्षों में ग्राम पंचायत में विकास के नए कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वहीं उप सरपंच जसवंत सिंह राजपुरोहित ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी वार्ड पंचों और ग्रामीणों को साथ लेकर बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही ग्रामीणों से ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग और सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। खबर देने में हमारा सहयोग मनोहर सिंह करते हैं बेदू कला धन्यवाद

— Manohar Singh

स्थानीय

बांका के बाराहाट प्रखंड में बिरनगढ़ बाबू छठ घाट का उद्घाटन जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक ने किया



आज बांका के बाराहाट प्रखंड में स्थित बिरनगढ़ बाबू छठ घाट का उद्घाटन जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के दौरान दोनों अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर छठ महापर्व की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने साज-सज्जा, रोशनी और साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा पूजा समिति के प्रयासों की सराहना की।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस अधीक्षक ने व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाट पर विशेष पुलिस बल की तैनाती और पुख्ता इंतजामों की जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने बताया कि लोक आस्था के इस महापर्व की पहचान अब देश की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया में फैल रही है।

— Paras Kumar Singh

स्थानीय

किसान जाम लगाकर बिजली विभाग पर भारी आक्रोश, यातायात में बाधा



आज गुना के अशोकनगर रोड पर स्थित ग्राम पगारा में बिजली न मिलने के कारण किसानों ने भारी मात्रा में एकत्रित होकर जाम लगाया।

समय तक यातायात को भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिला, उन्होंने सड़क पर जाम लगाकर अपनी नाराज़गी व्यक्त की।

सड़क पर जाम के कारण यातायात में रुकावट आई और कुछ समय तक यातायात सुचारू नहीं रहा।

— पुरुषोत्तम बैरागी

बजरंग एवं गौ सेवा समिति ने जिला से प्रदेश स्तर पर कदम बढ़ाया, नए अध्यक्ष नियुक्त



बजरंग एवं गौ सेवा समिति ने जिला स्तर से प्रदेश स्तर पर अपनी गतिविधियों का विस्तार किया। प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन के प्रमुख पदों पर नए नियुक्ति की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में लोकेश शर्मा उर्फ गौरी पंडित को चुना गया।

सचिव के पद पर केशव शर्मा और कोषाध्यक्ष के रूप में राजकुमार शर्मा उर्फ राम पंडा को नियुक्त किया गया।

पंडित को तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। ये कदम समिति के प्रदेश स्तर पर कार्यक्षेत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाए गए हैं।

— Buddhi Prakash Mali

सिद्धी विनायक रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, फालना टीम बनी विजेता



सिद्धि विनायक रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, फालना गांव बनी विजेता आबूरोड से ब्यूरो रिपोर्ट चन्दन सिंह राव कारोली

यह जानकारी नाथूसिंह दलावत भीटवाडा द्वारा मिली

चारभुजा मंदिर के पास, फालना गांव में आयोजित सिद्धि विनायक रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। टूर्नामेंट 10/ नवम्बर /2026 से 14 नवम्बर 2026 तक चला, जिसमें आसपास के गांवों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।फाइनल मुकाबला फालना गांव और देसूरी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में *फालना गांव की टीम ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया वहीं देसूरी की टीम उप विजेता रही।समापन समारोह में सरपंच, ग्राम पंचायत फालना गाव सोहन माधव के द्वारा विजेता टीम फालना गांव को 51,हजार रुपये व ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम देसूरी को 21हजार - रुपये व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सरपंच सोहन माधव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ते हैं और गांव में भाईचारा व खेल भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति, खिलाड़ियों, दर्शकों और ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। दर्शकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।